RASHTRUAYA SAHARA PAGE 5

जारी हुआ एमबीए का पहला सीट आवंटन

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में एमबीए का सीट आवंटन जारी कर दिया है। एमबीए में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा के साथ ही साक्षात्कार भी हुआ था, जिबाद 19 अक्टूबर से काउंसलिंग शुरू हुई थी। 21 अक्टूबर तक च्वाइस फिलिंग का मौका दिया गया था और च्वाइस फिलिंग पूरी होने के बाद अभ्यर्थियों की च्वाइस फिलिंग की प्राथमिकता के आधार पर सीट आवंटन जारी किया गया है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर इसे अपलोड कर दिया गया है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई है, उन्हें 25 अक्टूबर तक सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा करना होगा। इसके बाद बची हुई सीटों के लिए दूसरा आवंटन जारी किया जाएगा। एमबीए की 720 सीटों के लिए 1,535 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी थी।

एलयू ने जीती राष्ट्रीय चैम्पियनशिप

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम एक सोच फाउण्डेशन के तत्वावधान में आयोजित हुई 'समझो तो राष्ट्रीय चैम्पियनशिप' की विजेता घोषित हुई है। ऑनलाइन आयोजित हुई चैम्पियनशिप के माध्यम से संविधान और राष्ट्र की विविधता का जश्न मनाने के लिए सद्भाव सह-निर्माण प्रयोगशाला पर युवाओं में जागरूकता लाने के लिए प्रतियोगिता हुई। इसमे भारत से सात राज्यो के प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतियोगिता में लविवि की टीम ने राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय चैम्पियनशिप जीती। इसमे लगभग 500 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाये दी तथा प्रमाण-पत्र का वितरण किया।

लविवि कार्य परिषद की बैठक में 26 के खुले लिफाफे

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक मे 26 शिक्षको के लिफाफे खोले गए हैं। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता मे हुई कार्यपरिषद मे छह शिक्षको को कैरियर एडवांसमेंट योजना के तहत प्रमोशन मिला है जबकि 18 नए शिक्षको की भर्ती एमबीए डिपार्टमेंट में और दो असिस्टेंट प्रोफेसरो की नियुक्ति पुस्तकालय विज्ञान मे की गई है। लिखित परीक्षा के परिणाम घोषित होने के चार चार महीने बाद भी अभी तक मानव विज्ञान समेत दो विभागों के इंटरव्यू नहीं लिए गए हैं, इसको लेकर अभ्यर्थियो मे रोष है।

वीसी केयर फंड ने दीवाली से पहले फैलाया उजाला

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय द्वारा छात्र हित मे शुरू किए गये वीसी केयर फण्ड के लिए चयनित छात्र-छात्राओं की सूची जारी कर दी गई। कुलपति ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय एक परिवार है जिसमे सभी लोग विश्वविद्यालय के मोटो लाइटनिंग एवं लर्निंग द्वारा जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया यह हम सभी का यह सम्मिलित प्रयास है कि छात्रों की शिक्षा मे आने वाली सभी रुकावटों को यथासंभव दूर किया जाए और वी सी केयर फण्ड इसी दिशा मे उठाया गया एक कदम है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि वीसी केयर फंड के लिए 500 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमे से अधिक जरूरतमंद छात्रों की पहचान एक कठिन कार्य था इसलिए उन छात्र छात्राओ को वरीयता दी गयी जिन्होंने हाल ही मे माता या पिता किसी कारणवश खोया था या अत्यधिक बीमार हो जिससे इन छात्र छात्राओ के सामने फीस जमा करने का संकट उत्पन्न हो गया था। इस निमित्त स्क्रीनिंग किये गए अभ्यर्थियों से बातचीत करने के पश्चात 52 छात्र छात्राओं की सूची जारी कर दी गई है। सूची लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। दीपावली के पश्चात इन चयनित छात्र छात्राओं को चेक सौंप दिए जायेंगे।

चयनित छात्र-छात्राओं की सूची जारी

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

पीजी पहले सेमेस्टर की कक्षाएं 28 से

लखनऊ विश्वविद्यालय के कई विभागों ने जारी किया क्लासेज का शेड्यूल

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि में परास्नातक कोर्सों में पहले सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू करने की तैयारी है। कई विभागों ने 28 से तो कुछ ने 31 से कक्षाएं शुरू करने का विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया है।

विवि में पहले चरण के प्रवेशित विद्यार्थियों का डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन भी हो चुका है। एलएलएम, सोशल वर्क, जियोग्राफी आदि ने 28 अक्तूबर से कक्षाएं शुरू करने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। चूंकि विवि में 24 से 27 तक दिवाली अवकाश है। इसलिए इसके तुरंत बाद कक्षाएं शुरू करने की तैयारी है क्योंकि पहले ही सत्र काफी पिछड़ चुका है। आगे के प्रवेश भी जल्द पूरा कर उन्हें कक्षाओं में शामिल किया जाएगा।

पीजी कोर्सों में 28-29 को डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन : लविवि की पीजी प्रवेश प्रक्रिया के क्रम में एमकॉम अप्लाइड इकनॉमिक्स, एमएससी बॉटनी/माइक्रोबायोलॉजी, एमकॉम कॉमर्स, एमए इकनॉमिक्स, एमए एजुकेशन, एमए इंग्लिश, एमए होम साइंस, एमए जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, एलएलबी, एमए सोशियोलॉजी, एमए-एमएससी स्टेटिस्टिक्स/बायो स्टेटिस्टिक्स की प्रवेश की फर्स्ट कटऑफ की औपचारिकता पूरी हो चुकी है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि जिनका प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर जारी हो चुका है, वे अभ्यर्थी अपने अलॉटमेंट लेटर के साथ सभी मूल प्रमाणपत्र व अंकपत्र की स्वहस्ताक्षरित कॉपी लेकर 28 व 29 अक्तूबर को संबंधित विभाग में डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन कराएं।

एमबीए-एमएमएए के नंबर 25 तक अपलोड करें : लविवि कमें एमबीए-एमएफए के जिन विद्यार्थियों ने प्रवेश आवेदन किया है लेकिन अपने स्नातक के नंबर नहीं अपलोड किए हैं, वे अभ्यर्थी ऑनलाइन फॉर्म में 25 अक्तूबर तक अपने नंबर अपलोड कर सकते हैं। इसके बाद आगे की प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

10 कोर्सों का सीट अलॉटमेंट आज होगा जारी : एमए एजुकेशन, एमए इंग्लिश, एमए होम साइंस, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, एलए सोशियोलॉजी, एलएलबी, एमकॉम कॉमर्स, एमएससी बॉटनी/माइक्रोबायोलॉजी, एमए इकनॉमिक्स, एमएससी स्टेटिस्टिक्स/बायो स्टेट का सेकंड सीट अलॉटमेंट रविवार 23 अक्तूबर को जारी होगा। लविवि प्रशासन के अनुसार, विद्यार्थी अपने लॉगिन-आईडी से 25 अक्तूबर तक इसकी फीस जमा कर सकेंगे।

एमएससी केमिस्ट्री की क्लास एक नवंबर से

लखनऊ। लविवि के एमएससी केमिस्ट्री के पहले सेमेस्टर की कक्षाएं एक नवंबर से संचालित होंगी। विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2022-23 में एमएससी केमिस्ट्री के पहले सेमेस्टर की कक्षाओं को पहली नवंबर से संचालित करने का निर्णय लिया गया है। सभी विद्यार्थियों से अपील है कि वह विभागीय पोर्टल पर टाइमटेबल अवश्य देख लें। जिन विद्यार्थियों को दूसरे चरण की काउंसिलिंग में सीट आवंटित हुई है, उन्हें 29 अक्तूबर को सुबह 11 बजे काउंसिलिंग के लिए अपने दस्तावेजों के साथ रिपोर्ट करना होगा। (संवाद)

वीसी केयर फंड के लिए 52 छात्र चयनित

दीपावली बाद मिलेगा 11 हजार का चेक, अमर उजाला ने उठाया था मुद्दा

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि प्रशासन की ओर से सत्र 2021-22 से शुरू की गई नई पहल वीसी केयर फंड के लाभार्थियों की सूची शनिवार को जारी कर दी गई। 52 छात्रों को 11-11 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। विद्यार्थियों को इसका चेक दीपावली के बाद दिया जाएगा। अमर उजाला ने सत्र समाप्त होने तक सहायता न मिलने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था जिसके बाद प्रक्रिया की औपचारिकता पूरी कर सूची जारी कर दी गई है।

अमर उजाला इंपैक्ट

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने जरूरतमंद छात्रों की पढ़ाई में सहयोग के लिए वीसी केयर फंड की घोषणा की थी। इसके तहत पहले विद्यार्थियों से आवेदन लिए गए थे। इस सत्र में छात्रवृत्ति न आने के कारण लगभग 550 छात्रों ने इससे सहयोग के लिए आवेदन किया था। विवि के पास लगभग पांच लाख रुपये का बजट था। लेकिन छात्रों की संख्या काफी होने के कारण विवि प्रशासन ने जरूरतमंद छात्रों को विभिन्न आधार पर छांटा और फिर उनका इंटरव्यू किया। प्रो. राय ने बताया कि इसमें उन छात्रों को प्राथमिकता दी गई, जिन्होंने हाल ही में अपने माता या पिता को किसी कारणवश खोया था या अत्यधिक बीमार होने के कारण विद्यार्थियों के सामने फीस जमा करने का संकट पैदा हो गया था। उन्होंने बताया कि यह हम सभी का सम्मिलित प्रयास है कि छात्रों की शिक्षा में आने वाली सभी रुकावटों को यथासंभव दूर किया जाने का प्रयास वीसी केयर फंड है। डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि अंतिम रूप से चयनित 52 छात्र-छात्राओं की सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

i-NEXT PAGE 4

6 शिक्षकों का प्रमोशन, 20 नए नियुक्त

LUCKNOW(22 OCT): लखनऊ विश्वविद्यालय को दीपावली से पहले 20 नए शिक्षक मिल गए. इसमें प्रबंधन विज्ञान संस्थान में संविदा पर 18 असिस्टेंट प्रोफेसर और पुस्तकालय विज्ञान विभाग में दो एसोसिएट प्रोफेसर रेगुलर शामिल हैं. वहीं, छह शिक्षकों को प्रमोशन भी दिया गया है. शनिवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई कार्य परिषद की बैठक में इन नई नियुक्तियों को अनुमोदन दिया गया.

इन्हें मिला प्रमोशन

एसोसिएट प्रोफेसर डा. प्रशांत शुक्ला, डा. ममता सिंह-दर्शनशास्त्र विभाग, एसोसिएट प्रोफेसर डा. कमर इकबाल और डा. अयाज अहमद इस्लाही-अरबी एवं अरबी सभ्यता विभाग, एसोसिएट प्रोफेसर डा. शैलेंद्र प्रताप सिंह-फ्रेंच (अंग्रेजी एवं आधुनिक यूरोपीय भाषा), प्रोफेसर डा. बबिता जायसवाल-पुस्तकालय विज्ञान.

NBT PAGE 4

52 छात्रों को मिलेगा मदद का चेक

■ एनबीटी, लखनऊः वीसी केयर फंड के लिए चयनित छात्र-छात्राओं की सूची शनिवार को जारी कर दी गई। एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि 500 से ज्यादा आवेदन मिले थे। इनमें 52 छात्रों को सिलेक्ट किया गया है। दीपावली के बाद इन विद्यार्थियों को चेक सौंप दिए जाएंगे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रफेसर पूनम टंडन ने बताया कि वीसी केयर फंड के तहत अधिक जरूरतमंद छात्रों की पहचान बेहद मुश्किल थी। उन विद्यार्थियों को वरीयता दी गई जिन्होंने हाल में माता या पिता को किसी कारणवश खोया था। सूची एलयू की वेबसाइट पर अपलोड है।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 5

वीसी केयर फंड के लिए 52 विद्यार्थियों का चयन

लखनऊ। लविवि ने वीसी केयर फंड के लिए चयनित छात्र-छात्राओ की सूची जारी कर दी है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि चयन प्रक्रिया के तहत 52 छात्र-छात्राओ की सूची जारी कर दी गयी है। सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गयी है। दीपावली के बाद इन चयनित छात्र-छात्राओ को चेक दिये जायेंगे। उन्होंने बताया यह हम सभी का यह सम्मिलित प्रयास है कि छात्रों की शिक्षा मे आने वाली सभी रुकावटों को यथासंभव दूर किया जाए और वी सी केयर फण्ड इसी दिशा मे उठाया गया एक कदम है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि वीसी केयर फंड के लिए 500 से अधिक आवेदन मिले थे। इनमे से अधिक जरूरतमंद छात्रों की पहचान एक कठिन कार्य था इसलिए उन छात्र छात्राओ को वरीयता दी गयी जिन्होंने हाल ही मे माता या पिता किसी कारण वश खोया था या अत्यधिक बीमार हो जिससे इन छात्र छात्राओ के सामने फीस जमा करने का संकट उत्पन्न हो गया था। इस निमित्त स्क्रीनिंग किये गये अभ्यर्थियों से बातचीत करने के बाद 52 छात्र-छात्राओ की सूची जारी कर दी गयी है।

लविवि में एमबीए सीटों का आवंटन जारी

लखनऊ। लविवि में एमबीए का सीट आवंटन जारी कर दिया है। एमबीए में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा के साथ ही साक्षात्कार भी हुआ था। जिसके बाद 19 अक्टूबर से काउंसलिंग शुरू हुई थी। 21 अक्टूबर तक च्वाइस फिलिंग का मौका दिया गया था और च्वाइस फिलिंग पूरी होने के बाद अभ्यर्थियों की च्वाइस फिलिंग की प्राथमिकता के आधार पर सीट आवंटन जारी किया गया है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गयी है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई हैं, उन्हे 25 अक्टूबर तक सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा करना होगा। इसके बाद बची हुई सीटों के लिए दूसरा आवंटन जारी किया जाएगा। एमबीए की 720 सीटों के लिए 1535 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी थी।

28 व 29 को करायें अभिलेख सत्यापन

लखनऊ। पीजी प्रवेश प्रक्रिया के तहत 11 विषयों में पहली मेरिट सूची से चयनित अभ्यर्थियों को 28 एवं 29 अक्टूबर को अभिलेख सत्यापन और न्यूनतम योग्यता की जांच करानी होगी। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि एमकॉम एप्लाइड इकोनॉमिक्स, एमएससी बॉटनी-माइक्रोबायोलॉजी, एमकॉम कामर्स, एमए इकोनॉमिक्स, एजुकेशन, अंग्रेजी, होम साइंस, मास कम्यूनिकेशन, समाज शास्त्र, एलएलबी, एमए-एमएससी स्टैटिस्टिक्स-बायोस्टैटिस्टिक्स, के चयनित अभ्यर्थियों को अपने प्रोविजनल एलॉटमेंट लेटर के साथ सम्बंधित विभाग में अपने सभी मूल प्रमाण पत्र, अंकपत्र का सत्यापन 28 एवं 29 अक्टूबर को करा कराना होगा।

28 से शुरू होगी बीएससी की क्लास

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 28 अक्टूबर से बीएससी फीजिक्स की कक्षायें शुरू होगी। इसी प्रकार एमएससी फीजिक्स और एमएससी कैमेस्ट्री की कक्षायें एक नवम्बर से शुरू होंगी। उसका शेड्यूल विभाग के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है। साथ ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर भी अपलोड कर दिया गया है।

29 को होगी एमएससी कैमेस्ट्री की काउंसलिंग

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 29 अक्टूबर को एमएससी कैमेस्ट्री की दूसरे चरण की काउंसलिंग होगी। इसके लिए आवेदित छात्र सुबह 11 बजे अपने शैक्षिक दस्तावेजों की मूल कॉपी और छायाप्रति लेकर उपलब्ध होंगे। इसकी जानकारी देते हुए प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि दस्तावेजों में आंवटन पत्र, फीस रिसीप्ट, एप्लीकेशन फार्म, मार्कशीट एवं सर्टीफिकेट, फोटो आईडी चाहिये। इसके अलावा माइग्रेशन पेपर, चरित्रप्रमाणपत्र, गैप एफीडेविट, कास्ट सर्टीफिकेट, इनकम सर्टीफिकेट और ईडब्ल्यूएस सर्टीफिकेट यदि मांगा गया हो तो अभ्यर्थियों को लेकर उपस्थित होना है।

एनसीसी में भर्ती एक नवंबर को

LUCKNOW (22 OCT): लखनऊ विश्वविद्यालय ने 63 एनसीसी यूपी बटालियन में भर्ती के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है. आगामी एक नवंबर को इस बटालियन में भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी. स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश पाने वाले छात्र-छात्राएं इसके लिए आवेदन फार्म भर सकते हैं. तीन नवंबर को सुबह 7.30 बजे छात्र-छात्राओं को ट्रैक सूट, पीटी या स्पोर्ट्स जूते पहनकर फीस रसीद, विषय आवंटित पत्र, आधार कार्ड, बैंक एकाउंट नंबर, फोटो के साथ विश्वविद्यालय के पवेलियन ग्राउंड में पहुंचना होगा.

फर्स्ट सेमेस्टर की पढ़ाई 28 से

डायनामेंट्स सत्यापन के बाद विश्वविद्यालय के ज्यादातर विभागों ने तैयार किया शेड्यूल

LUCKNOW(22 OCT): लखनऊ विश्वविद्यालय के पीजी फर्स्ट सेमेस्टर में दाखिले के लिए विभिन्न विषयों में चल रही अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया शनिवार को पूरी हो गई. इन विभागों ने कक्षाओं का टाइम टेबल भी तय कर दिया है. एमए की कक्षाएं 28 अक्टूबर और एमएससी प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं, एक नवंबर से शुरू होगी.

प्रवेश प्रक्रिया जारी

एलयू में अभी परास्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया जारी है. 29 विषयों में जिन अभ्यर्थियों सीट आवंटन हो चुका था, उनके अभिलेख सत्यापन 21 व 22 अक्टूबर को कराए गए. अब 24 से 27 अक्टूबर तक दीपावली की छुट्टियां हैं. ऐसे में एमए के कई विभागों ने 28 अक्टूबर, 31 अक्टूबर तो एमएससी में एक नंबर से कक्षाएं शुरू करने की तैयारी की है.

टूसरे चरण का सत्यापन 29 अक्टूबर को

एमएससी केमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए जिन अभ्यर्थियों को दूसरे चरण में सीट आवंटित हुई है, उनके अभिलेखों का सत्यापन 29 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से होगा. हेड प्रो. अनिल मिश्रा ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया. अभ्यर्थियों को आवंटन पत्र, फीस रसीद, आवेदन फार्म, अंक पत्र, प्रमाण पत्र,फोटो आइडी, माइग्रेशन सर्टिफिकेट, जाति एवं आय प्रमाण आदि लेकर आना है.

यहां शुरू होंगी एथम सेमेस्टर की कक्षाएं

- एमए सोशल वर्क- 28 अक्टूबर
- एमए डिफेंस स्टडीज- 28 अक्टूबर, 9.20 बजे से
- एलएलएम- 28 अक्टूबर - 11 बजे से
- एमए जियोग्राफी- 28 अक्टूबर - 10.15 बजे
- एमए एप्लाइड एंड अप्लीकेशनोलाजी- 28 अक्टूबर से
- एमए साइकोलाजी- 31 अक्टूबर- एक बजे
- एमए एडिक्शन- 31 अक्टूबर
- एमएससी एनिमिस्ट्री- एक नवंबर
- एमएससी फिजिक्स- एक नवंबर
- एमएससी मैथेमेटिक्स- एक नवंबर
- एमएससी जूलाजी- एक नवंबर- सुबह 10 बजे
- एमएससी एनिमिस्ट्रेशन प्रथम सेमेस्टर-31 अक्टूबर
- मास्टर आफ हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन-31 अक्टूबर
- एम-एमएससी एडवांसोलाजी- एक नवंबर, 10.15 बजे
- एमएससी एडमिनिस्ट्रेशन- एक नवंबर
- एमएससी जूलाजी- एक नवंबर- सुबह 10 बजे

25 तक अपलोड करने होंगे अंक

स्नातक विश्वविद्यालय ने एमबीए-एमएफए विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन करने की समाप्ति के 3 दिन अभ्यर्थियों को अपने स्नातक के अंक अपलोड करने का मौका दिया है. प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक स्नातक के अंक अपलोड नहीं किए हैं, वह 25 अक्टूबर तक ऑनलाइन फार्म में नंबर भर दें. 25 अक्टूबर तक कुछ भी अंक अपलोड नहीं किए जाने की स्थिति में उनकी प्रवेश प्रक्रिया पर संकट खड़ा हो सकता है.

टीचर्स को प्रैक्टिकल में परफेक्ट बनाएगा एलयू

जंतु विज्ञान विभाग कराएगा 10 से 12 नवंबर को ट्रेनिंग प्रोग्राम

LUCKNOW(22 OCT): लखनऊ विश्वविद्यालय अपने डिग्री कालेजों के शिक्षकों को परास्नातक स्तर पर जंतु विज्ञान विषय के विभिन्न प्रैक्टिकल करने की तकनीक सिखाएगा. इसके लिए जंतु विज्ञान विभाग 10 से 12 नवंबर तक शिक्षकों के लिए हैंड्स आन ट्रेनिंग जूलाजिकल टेक्निक्स का आयोजन करेगा.

विभाग के हेड प्रो. एम सेराजुद्दीन ने बताया कि लिंग से हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर और रायबरेली जिले भी जुड़े चुके हैं. इनमें 19 डिग्री कालेजों में एमएससी जूलाजी पाठ्यक्रम संचालित है. कई ऐसे कालेज हैं, जहां के शिक्षकों को एमएससी में जीव विज्ञान के प्रैक्टिकल कराने की ठीक से जानकारी नहीं है। इसी वजह से वह अपने छात्र-छात्राओं को भी नहीं बता पाते हैं। उनकी समस्या को दूर करने के लिए ही यह ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया जा रहा है। इसमें शिक्षकों को रोहू मछली, छिपकली, मक्खी, कांकरोच पर प्रैक्टिकल से लेकर क्रोमोबायोलाजी, बायो स्टेटिस्टिक्स, मालीकुलर बायोलाजी, पैरासाइड्स को स्लाइड बनाकर पहचान कराना भी सिखाया जाएगा. शिक्षक इसे सीखने के बाद विद्यार्थियों को इसकी बारिकियां बता सकेंगे। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल होने के लिए आनलाइन आवेदन ई-मेल ranjaniluzoo@gmail.com पर पांच नवंबर तक किए जा सकते हैं। शिक्षकों को अपना आवेदन पत्र प्राचार्य से अग्रसारित कराना अनिवार्य होगा।

नए कॉलेज जुड़े एलयू से

विभाग के हेड प्रो. एम सेराजुद्दीन ने बताया कि एलयू से हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर और रायबरेली जिले भी जुड़ चुके हैं. इनमें 19 डिग्री कालेजों में एमएससी जूलाजी पाठ्यक्रम संचालित है. कई ऐसे कालेज हैं, जहां के शिक्षकों को एमएससी में जीव विज्ञान के प्रैक्टिकल कराने की ठीक से जानकारी नहीं है. इसी वजह से वह अपने छात्र-छात्राओं को भी नहीं बता पाते हैं. उनकी समस्या को दूर करने के लिए ही यह ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया जा रहा है.

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : पीजी प्रथम सेमेस्टर की पढ़ाई 28 से

अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया पूरी विश्वविद्यालय के ज्यादातर विभागों ने तैयार कर ली समय सारिणी

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के परास्नातक प्रथम सेमेस्टर में दाखिले के लिए विभिन्न विषयों में चल रही अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया शनिवार को पूरी हो गई। इन विभागों ने कक्षाओं का टाइम टेबल भी तय कर दिया है। एमए की कक्षाएं 28 अक्टूबर और एमएससी प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं एक नवंबर से शुरू होंगी।

लवि में अभी परास्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। 29 विषयों में जिन अभ्यर्थियों सीट आवंटन हो चुका था, उनके अभिलेख सत्यापन 21 व 22 अक्टूबर को कराए गए। अब 24 से 27 अक्टूबर तक दीपावली की छुट्टियां हैं। ऐसे में एमए के कई विभागों ने 28 अक्टूबर, 31 अक्टूबर तो एमएससी में एक नंबर से कक्षाएं शुरू करने की तैयारी की है।

25 तक अपलोड करने होंगे अंक : लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमबीए/एमएफए विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन करने की समाप्ति के 3 दिन अभ्यर्थियों को अपने स्नातक के अंक अपलोड करने का मौका दिया है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक स्नातक के अंक अपलोड नहीं किए हैं, वह 25 अक्टूबर तक ऑनलाइन फार्म में नंबर भर दें। 25 अक्टूबर तक कुछ भी अंक अपलोड नहीं किए जाने की स्थिति में उनकी प्रवेश प्रक्रिया पर संकट खड़ा हो सकता है।

यहां शुरू होंगी प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं

एमए सोशल वर्क	28 अक्टूबर	.....
एमए डिफेंस स्टडीज	28 अक्टूबर	9 20 बजे
एलएलएम	28 अक्टूबर	11 बजे
एमए जाग्राफी	28 अक्टूबर	10.15
एमए एप्लाइएड एंडअप्लीकेशनोलाजी	28 अक्टूबर	.....
एमए साइकोलाजी	31 अक्टूबर	एक बजे
एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन प्रथम सेमेस्टर	31 अक्टूबर	.....
मास्टर आफ हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन	31 अक्टूबर	.....
एमए-एमएससी एप्लीकेशनोलाजी	एक नवंबर	10.15 बजे
एमएससी फिजिक्स	एक नवंबर	.....
एमएससी मेथेमेटी	एक नवंबर	.....
एमएससी जूलाजी	एक नवंबर	सुबह 10

डिग्री कालेजों के शिक्षकों को प्रैक्टिकल करने की तकनीक सिखाएगा लवि

10 से 12 नवंबर को लवि का जंतु विज्ञान विभाग कराएगा ट्रेनिंग प्रोग्राम

लखनऊ विश्वविद्यालय अपने डिग्री कालेजों के शिक्षकों को परास्नातक स्तर पर जंतु विज्ञान विषय के विभिन्न प्रैक्टिकल करने की तकनीक सिखाएगा। इसके लिए जंतु विज्ञान विभाग 10 से 12 नवंबर तक शिक्षकों के लिए हैंड्स आन ट्रेनिंग जूलाजिकल टेक्निक्स का आयोजन करेगा।

विभाग के हेड प्रो. एम सेराजुद्दीन ने बताया कि लिंग से हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर और रायबरेली जिले भी जुड़ चुके हैं। इनमें 19 डिग्री कालेजों में एमएससी जूलाजी पाठ्यक्रम संचालित है। कई ऐसे कालेज हैं, जहां के शिक्षकों को एमएससी में जीव विज्ञान के प्रैक्टिकल कराने की ठीक से जानकारी नहीं है। इसी वजह से वह अपने छात्र-छात्राओं को भी नहीं बता पाते हैं। उनकी समस्या को दूर करने के लिए ही यह ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया जा रहा है। इसमें शिक्षकों को रोहू मछली, छिपकली, मक्खी, कांकरोच पर प्रैक्टिकल से लेकर क्रोमोबायोलाजी, बायो स्टेटिस्टिक्स, मालीकुलर बायोलाजी, पैरासाइड्स को स्लाइड बनाकर पहचान कराना भी सिखाया जाएगा. शिक्षक इसे सीखने के बाद विद्यार्थियों को इसकी बारिकियां बता सकेंगे। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल होने के लिए आनलाइन आवेदन ई-मेल ranjaniluzoo@gmail.com पर पांच नवंबर तक किए जा सकते हैं। शिक्षकों को अपना आवेदन पत्र प्राचार्य से अग्रसारित कराना अनिवार्य होगा।

52 विद्यार्थियों को मिलेगी वीसी केयर फंड की सुविधा

लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) ने आखिरकार शनिवार को वीसी केयर फंड से मदद देने के लिए 52 छात्र-छात्राओं के नाम जारी कर दिए। इनमें उन छात्र-छात्राओं को वरीयता दी गई है, जिन्होंने हाल ही में किसी कारण अपने माता या पिता की खोया था या अत्यधिक बीमार होने की वजह से फीस जमा करने का संकट उत्पन्न हो गया था। सभी चयनित विद्यार्थियों को 11-11 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। दीवाली के बाद इन चयनित छात्र-छात्राओं को चेक सौंप दिए जाएंगे।

लवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने अप्रैल में आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए वीसी केयर फंड योजना की शुरुआत की थी। 25 मई तक इसमें आवेदन मांगे गए थे।

500 से ज्यादा आवेदन आने से विश्वविद्यालय को इसमें जरूरतमंद विद्यार्थियों के चयन करना काफी मुश्किल रहा। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने कुलपति के अनुमोदन के बाद चयनित छात्र-छात्राओं की सूची जारी कर दी। प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। इसमें बीए, एलएलबी, पीएचडी, एमएस, एलएलएम, बीए, बीटेक, बीसीए, बीकाम, एमएससी, एमबीए, बीफार्मा सहित विभिन्न कोर्स में पढ़ने वाले जरूरतमंद छात्र-छात्राओं के नाम शामिल हैं।

एनसीसी 63 यूपी बटालियन में भर्ती एक नवंबर को

लखनऊ विश्वविद्यालय ने 63 एनसीसी यूपी बटालियन में भर्ती के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। आगामी एक नवंबर को इस बटालियन में भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश पाने वाले छात्र-छात्राएं इसके लिए आवेदन फार्म भर सकते हैं।

तीन नवंबर को सुबह 7.30 बजे छात्र-छात्राओं को ट्रैक सूट, पीटी या स्पोर्ट्स जूते पहनकर फीस रसीद, विषय आवंटित पत्र, आधार कार्ड, बैंक एकाउंट नंबर, फोटो के साथ विश्वविद्यालय के पवेलियन ग्राउंड में पहुंचना होगा। अभिलेख सत्यापन के बाद दौड़, लिखित परीक्षा और फिर साक्षात्कार की प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। जो छात्र-छात्राएं एनसीसी लेना चाहते हैं, उन्हें एक नवंबर से पहले आवेदन फार्म भरना होगा।

गौरतलब है कि विश्वविद्यालय में 64 यूपी बटालियन एनसीसी में भर्ती की प्रक्रिया दो नवंबर को आयोजित की जाएगी। इसका शेड्यूल पहले ही जारी किया जा चुका है।

लवि ने जीती राष्ट्रीय चैंपियनशिप

लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक एक सोच फाउंडेशन की ओर से आयोजित 'समझो तो राष्ट्रीय चैम्पियनशिप' विषय पर आयोजित प्रतियोगिता जीत ली। समाज कार्य विभाग के हेड प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने बताया कि यह प्रतियोगिता 30 अगस्त को आयोजित की गई थी। इसके परिणाम अब जारी हुए हैं। इस प्रतियोगिता में भारत के सात राज्यों से 500 से अधिक युवा शामिल हुए थे। यह एक सोच फाउंडेशन ने प्रतिनिधि तथा अध्यक्ष जीशान ने चैम्पियनशिप यूथ का प्रमाण-पत्र विभागाध्यक्ष को भेंट किया।

लवि : छह शिक्षकों का प्रमोशन, 20 नए नियुक्त

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई कार्य परिषद की बैठक में नई नियुक्तियों को दिया गया अनुमोदन

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय को दीपावली से पहले 20 नए शिक्षक मिल गए। इसमें प्रबंधन विज्ञान संस्थान (आइएमएस) में संविदा पर 18 असिस्टेंट प्रोफेसर और पुस्तकालय विज्ञान विभाग में दो एसोसिएट प्रोफेसर रेगुलर शामिल हैं। वहीं, छह शिक्ष